दिव्यांग लाभपात्रों को योजनाओं का लाभ देने के लिए पूरे प्रयास

हुडीना के कार्यक्रम में 40 दिव्यांगजन ने कराया पंजीकरण

भास्कर न्यूज | नारनौल

Dainiki Bhaskar 08/07/25

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हुडीना में सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के राष्ट्रीय ट्रस्ट तथा संतोष वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बौद्धिक विकलांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर और बहु-विकलांगता से प्रभावित लोगों को सरकारी योजनाओं, कानूनी अधिकारों और पुनर्वास सेवाओं की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि सरकार की समावेशी नीतियों और दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। विशिष्ट अतिथि संतोष मेमोरियल की चेयरपर्सन कुसुम गुप्ता ने निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना, घरौंदा संस्थागत देखभाल, समर्थ योजना और स्वावलंबन योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य मनीषा यादव, कैप्टन हंसराज यादव और विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व सदस्य रघुवीर सिंह ने भाग लेते हुए दिव्यांगजनों के प्रति सहयोग और संवेदनशीलता को सामाजिक जिम्मेदारी बताया। प्राचार्य डॉ आरएन यादव ने अतिथियों को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में 40 दिव्यांग ने विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीकरण कराया। विशेष शिक्षिका शर्मिष्ठा, अनीता ने समुदाय आधारित पुनर्वास मॉडल की जानकारी दी। प्रबंधक श्वेता साह ने आभार प्रकट किया।